04 आज समाज
नई दिल्ली, बुधवार, 11 जनवरी 2023

## खबर एक्सप्रेस

# विश्व हिंदी दिवस का किया आयोजन

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने सभी को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला एवं हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता पर चर्चा करी। इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा राष्ट्र स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया इस प्रतियोगिता में भारत देश के भिन्न- भिन्न राज्यों से अनेक प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजी जिसके परिणाम जल्दी ही घोषित किये जायेंगे इस प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। हिंदी विभाग आयोजन समिति के विभागाध्यक्ष डॉ अशोक निराला, सयोजिका डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता मधु सिंगला सभी के प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

07:57